केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
(गृह मंत्रालय)

अन्तर कार्यालय टिप्पणी

सं0ई–16016/3/06-ESTT.II / स्था.दो / 1492 दिनांक 15/ 05 /2024

Sub: **Deputation for the post of Accountant in CISF: Regarding.**

Enclosed find herewith a copy of advertisement published in Employment News (11-17 May, 2024) for filling up three (03) posts of Accountant in CISF HQrs New Delhi on deputation basis. It is requested the same may be uploaded in CISF Website for information of CISF personnel.

15.5.24

(महेन्द्र कुमार यादव)
सहायक महानिरीक्षक / स्थापना

DC/EDP

(रोजगार समाचार) Employment News
(दिनांक)Dated: 11-17 May, 2024 (पृष्ठ सं0) Page No. 11

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

गृह मंत्रालय, भारत सरकार

सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मुख्यालय नई दिल्ली में वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 रु. 35400-112400/(संशोधित) के वेतनमान में लेखाकार का तीन (03) पद प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जाना है. इस पद के लिए वे व्यक्ति पात्र होंगे जिन्होंने किसी भी संगठित लेखा विभाग, जैसे कि, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, भारतीय रक्षा लेखा विभाग, भारतीय रेलवे लेखा विभाग के अधिनस्थ लेखा अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो; या केंद्रीय सरकार के अधीन अनुरूप पद धारण करते हो तथा आईएसटीएम में केश एवं लेखा कोर्स में प्रशिक्षण लिया हो. प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्ष होगी जिसे घटाया या बढ़ाया जा सकता है. प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तक आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

02. उपर्युक्त पद के लिए नामांकन, गत पांच वर्षों की वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोंटों की छाया प्रतियों सहित निम्नलिखित प्रोफॉर्मा में, कार्यालय अथवा संगठन के अध्यक्ष के माध्यम से सहायक महानिरीक्षक/स्थापना, केऔसुब 13, केंद्रीय सरकारी कार्यालय परिसर लोधी रोड नई दिल्ली -110003 को भेजे जाये, जो इस प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए.

1. आवेदक का नाम
2. जन्म तिथि
3. सरकारी सेवा में पद ग्रहण करने की तारीख एवं पद
4. वर्तमान पद और कब से
5. वर्तमान पद का वेतनमान
6. शैक्षिक अर्हताएं
7. अधीनस्थ लेखा अथवा समतुल्य परीक्षा पास करने की तिथि/वर्ष

आवेदक के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि, उपर्युक्त विवरण की वैयक्तिक के सेवा रिकॉर्ड से जांच की गई है, और सही पाए गए हैं तथा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वैयक्तिक के विरुद्ध न तो कोई अनुशासनिक कार्यवाही/विभागीय जांच लम्बित है और न ही कोई कार्यवाही विचाराधीन है और उनकी सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाती है.

स्थान : ....

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर कार्यालय मोहर सहित

तारीख : ....

सीबीसी 19113/11/0001/2425

रो.स. 6/37